## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 22.2.26 | 8 | 5-6 |

# फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का दौरा किया

हिसार, 21 फरवरी (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) में यूनिलासेल, रूएन कैंपस, फ्रांस के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक और शोध सहयोग की संभावनाओं का अध्ययन करने के लिए दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षण, अनुसंधान तथा फैकल्टी और विद्यार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत आपसी सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि यह दौरा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को सुदृढ़ करने और वैश्विक ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध संरचना और कृषि विकास में भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में कृषि विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी और कृषि अभियांत्रिकी क्षेत्रों में साझा रुचि और सहयोग की संभावनाओं की पहचान की गई।



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।-हप्र

फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा और शोध पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी साझा करते हुए संयुक्त शिक्षण मॉड्यूल, छात्र और फैकल्टी गतिशीलता, सह-पर्यवेक्षण और अंतरराष्ट्रीय शोध कंसोर्टियम में सहभागिता पर बल दिया। दोनों पक्षों ने शीघ्र ही औपचारिक समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने और दीर्घकालिक, परस्पर लाभकारी साझेदारी स्थापित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 22.2.26 | 2 | 7-8 |


# शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए फ्रांस प्रतिनिधिमंडल ने किया हकृवि का दौरा



*कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ फ्रांस का प्रतिनिधिमंडल।*

हिसार, 21 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में यूनिलासेल, रूएन कैंपस, फ्रांस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए विश्वविद्यालय का दौरा किया। शिक्षण, अनुसंधान तथा फैकल्टी एवं विद्यार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत आपसी सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि यह दौरा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध संरचना और कृषि विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में कृषि विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्रों में साझा रुचि एवं सहयोग की संभावनाओं की पहचान की गई। दोनों पक्षों ने संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, साझा शोध परियोजनाओं तथा नवाचार-आधारित पहल विकसित करने में गहरी रुचि व्यक्त की, जिससे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस के उच्च शिक्षा एवं शोध पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी साझा करते हुए संयुक्त शिक्षण मॉड्यूल, छात्र एवं फैकल्टी गतिशीलता, सह-पर्यवेक्षण में शोध कार्य तथा अंतरराष्ट्रीय शोध कंसोर्टियम में सहभागिता पर बल दिया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि दोनों संस्थानों ने सहमति व्यक्त की कि इस प्रकार का अंतरराष्ट्रीय सहयोग न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को वैश्विक अनुभव भी प्रदान करेगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 22·2·26 | 5 | 6 |

# शोध की संभावना से फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल ने किया हकृवि का दौरा

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में यूनिलासेल, रूएन कैंपस, फ्रांस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए विश्वविद्यालय का दौरा किया। शिक्षण, अनुसंधान तथा फैकल्टी एवं विद्यार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत आपसी सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया।



वीसी बीआर काम्बोज।

कुलपति प्रो. बीआर कंबोज ने बताया कि यह दौरा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध संरचना और कृषि विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालेगा । दोनों पक्षों ने संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, साझा शोध परियोजनाओं तथा नवाचार-आधारित पहल विकसित करने में गहरी रुचि व्यक्त की। फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस के उच्च शिक्षा एवं शोध पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी साझा करते हुए संयुक्त शिक्षण माड्युल, छात्र एवं फैकल्टी गतिशीलता, सह-पर्यवेक्षण में शोध कार्य तथा अंतरराष्ट्रीय शोध कंसोर्टियम में सहभागिता पर बल दिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि' भूमि | 22-2-26 | 12 | 3-8 |

## कुलपति व अन्य अधिकारियों ने दी विभिन्न जानकारियां

# हकृवि के दौरे पर पहुंचा फ्रांस का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

फ्रांस के यूनिलासेलरूएन कैंपस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का दौरा किया। दोनों पक्षों में शिक्षण, अनुसंधान तथा फैकल्टी एवं विद्यार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत आपसी सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि यह दौरा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध संरचना और कृषि विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में कृषि विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्रों में साझा रुचि एवं सहयोग की संभावनाओं की पहचान की गई। दोनों पक्षों ने संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, साझा शोध परियोजनाओं तथा नवाचार-आधारित पहल विकसित करने में गहरी रुचि व्यक्त की, जिससे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सके।




हिसार। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ फ्रांस का प्रतिनिधिमंडल।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, डॉ. एसके पाहुजा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा, एसोसिएट डीन पीजीएस डॉ. विजया रानी, इंटरनेश्नल सेल के कोर्डिनेटर डॉ. दर्शना, डॉ. मंजुनाथ, डॉ. सरोज यादव व डॉ. अनुराग उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 22.2.26 | 4 | 1-5 |

# शैक्षणिक-शोध में सहयोग के लिए पहुंचा फ्रांस का प्रतिनिधिमंडल

## एचएयू से औपचारिक समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने की जताई प्रतिबद्धता



प्रतिनिधिमंडल सदस्य को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते एचएयू के कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज। स्रोत : संस्थान

**हिसार।** फ्रांस की शैक्षणिक संस्थान यूनिलासेल रूएन कैंपस के प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक एवं शोध सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए शनिवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति बीआर कांबोज के साथ शिक्षण, अनुसंधान तथा फैकल्टी और विद्यार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा की।

दोनों पक्षों ने संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, साझा शोध परियोजनाएं और नवाचार-आधारित पहल विकसित करने में रुचि दिखाई। साथ ही शीघ्र औपचारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) को अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई। कुलपति ने कहा कि यह दौरा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को मजबूत करने और वैश्विक ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध संरचना और कृषि विकास में भूमिका पर प्रकाश डाला। बैठक में कृषि विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी और कृषि अभियांत्रिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं की पहचान की गई।

फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त शिक्षण मॉड्यूल, छात्र एवं फैकल्टी गतिशीलता, सह-पर्यवेक्षित शोध और अंतरराष्ट्रीय शोध कंसोर्टियम (शोध संस्थानों, विश्वविद्यालयों या कंपनियों का समूह) में भागीदारी पर जोर दिया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने कहा कि प्रस्तावित एमओयू से विद्यार्थियों और शिक्षकों को वैश्विक अनुभव प्राप्त होगा। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 22.02.2026 | -- | -- |


# हकृवि में फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल का दौरा, कई कार्यक्रमों पर हुई चर्चा




-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 22 फरवरी : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) में यूनिलासेल, रूएन कैंपस (फ्रांस) के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक एवं शोध सहयोग की संभावनाओं का आकलन करने के लिए दौरा किया। इस दौरान शिक्षण, अनुसंधान तथा फैकल्टी एवं विद्यार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों को मजबूत बनाने पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि यह दौरा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध संरचना तथा कृषि विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला।

बैठक में कृषि विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्रों में साझा रुचि एवं सहयोग की संभावनाओं की पहचान की गई। दोनों पक्षों ने संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, साझा शोध परियोजनाएं तथा नवाचार-आधारित पहल विकसित करने में रुचि व्यक्त की, ताकि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस के उच्च शिक्षा एवं शोध तंत्र की जानकारी साझा करते हुए संयुक्त शिक्षण मॉड्यूल, छात्र एवं फैकल्टी गतिशीलता, सह-पर्यवेक्षण में शोध कार्य तथा अंतरराष्ट्रीय शोध कंसोर्टियम में सहभागिता पर बल दिया।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने कहा कि इस प्रकार का सहयोग शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा और विद्यार्थियों व शिक्षकों को वैश्विक अनुभव प्रदान करेगा। दोनों संस्थानों ने शीघ्र ही औपचारिक समझौता ज्ञापन (MoU) को अंतिम रूप देने तथा दीर्घकालिक, परस्पर लाभकारी साझेदारी स्थापित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा सहित अन्य अधिकारी एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पवित्र भारत ब्यूरो | 21.02.2026 | -- | -- |


# फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल ने किया हकृवि का दौरा








पवित्र भारत ब्यूरो
हिसार (हरियाणा):
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में यूनिलासेल, रूएन कैंपस, फ्रांस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए विश्वविद्यालय का दौरा किया। शिक्षण, अनुसंधान तथा फैकल्टी एवं विद्यार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत आपसी सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि यह दौरा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध संरचना और कृषि विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में कृषि विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्रों में साझा रुचि एवं सहयोग की संभावनाओं की पहचान की गई। दोनों पक्षों ने संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, साझा शोध परियोजनाओं तथा नवाचार-आधारित पहल विकसित करने में गहरी रुचि व्यक्त की, जिससे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सके। फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस के उच्च शिक्षा एवं शोध पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी साझा करते हुए संयुक्त शिक्षण मॉड्यूल, छात्र एवं फैकल्टी गतिशीलता, सह-पर्यवेक्षण में शोध कार्य तथा अंतरराष्ट्रीय शोध कंसोर्टियम में सहभागिता पर बल दिया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि दोनों संस्थानों ने सहमति व्यक्त की कि इस प्रकार का अंतरराष्ट्रीय सहयोग न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को वैश्विक अनुभव भी प्रदान करेगा। दोनों पक्षों ने शीघ्र ही औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने तथा दीर्घकालिक, परस्पर लाभकारी साझेदारी स्थापित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि इससे शिक्षा और शोध के क्षेत्र से संबंधित कार्यों को गति मिलेगी।

इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा, एसोसिएट डीन पीजीएस डॉ. विजया रानी, इंटरनेशनल सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ. दर्शना, डॉ. मंजुनाथ, डॉ. मनोज यादव व डॉ. अनुराग उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरियाणा मेल | 21.02.2026 | -- | -- |

# एचएयू के दौरे पर पहुंचा फ्रांस का प्रतिनिधिमंडल

## कुलपति व अन्य अधिकारियों ने दी विभिन्न जानकारियां

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**हिसार**। फ्रांस के यूनिलासेलरूएन कैंपस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का दौरा किया। दोनों पक्षों में शिक्षण, अनुसंधान तथा फैकल्टी एवं विद्यार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत आपसी सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया।

कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने शनिवार को बताया कि यह दौरा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में कृषि विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्रों में साझा रुचि एवं सहयोग की संभावनाओं की पहचान की गई। दोनों पक्षों ने संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, साझा शोध परियोजनाओं तथा नवाचार-आधारित पहल विकसित करने में गहरी रुचि व्यक्त की, जिससे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस के उच्च शिक्षा एवं शोध पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी साझा करते हुए संयुक्त शिक्षण मॉड्यूल, छात्र एवं फैकल्टी गतिशीलता, सह-पर्यवेक्षण में शोध कार्य तथा अंतरराष्ट्रीय शोध कंसोर्टियम में सहभागिता पर बल दिया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि दोनों संस्थानों ने सहमति व्यक्त की कि इस प्रकार का अंतरराष्ट्रीय सहयोग न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को वैश्विक अनुभव भी प्रदान करेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण न्यूज | 21.02.2026 | -- | -- |


# फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल ने किया हकृवि का दौरा

दक्ष दर्पण

**हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में यूनिलासेल, रूएन कैंपस, फ्रांस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए विश्वविद्यालय का दौरा किया। शिक्षण, अनुसंधान तथा फैकल्टी एवं विद्यार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत आपसी सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि यह दौरा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध संरचना और कृषि विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में कृषि विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्रों में साझा रुचि एवं सहयोग की संभावनाओं की पहचान की गई। दोनों पक्षों ने संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, साझा शोध परियोजनाओं तथा नवाचार-आधारित पहल विकसित करने में गहरी रुचि व्यक्त की, जिससे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सके। फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस के उच्च शिक्षा एवं शोध पारिस्थितिकी



तंत्र की जानकारी साझा करते हुए संयुक्त शिक्षण मॉड्यूल, छात्र एवं फैकल्टी गतिशीलता, सह-पर्यवेक्षण में शोध कार्य तथा अंतरराष्ट्रीय शोध कंसोर्टियम में सहभागिता पर बल दिया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि दोनों संस्थानों ने सहमति व्यक्त की कि इस प्रकार का अंतरराष्ट्रीय सहयोग न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को वैश्विक अनुभव भी प्रदान करेगा। दोनों पक्षों ने शीघ्र ही औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने तथा दीर्घकालिक, परस्पर लाभकारी साझेदारी स्थापित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि इससे शिक्षा और शोध के क्षेत्र से संबंधित कार्यों को गति मिलेगी। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, सामुदायिक विज्ञान





महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा, एसोसिएट डीन पीजीएस डॉ. विजया रानी, इंटरनेशनल सेल के कोर्डिनेटर डॉ. दर्शना, डॉ. मंजुनाथ, डॉ. सरोज यादव व डॉ. अनुराग उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 21.02.2026 | -- | -- |

# फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल ने किया एचएयू का दौरा




**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में यूनिलासेल, रूएन कैंपस, फ्रांस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए विश्वविद्यालय का दौरा किया। शिक्षण, अनुसंधान तथा फैकल्टी एवं विद्यार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत आपसी सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि यह दौरा अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध संरचना और कृषि विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में कृषि विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्रों में साझा रुचि एवं सहयोग की संभावनाओं की पहचान की गई। दोनों पक्षों ने संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, साझा शोध परियोजनाओं तथा नवाचार-आधारित पहल विकसित करने में गहरी रुचि व्यक्त की, जिससे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस के उच्च शिक्षा एवं शोध पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी साझा करते हुए संयुक्त शिक्षण मॉड्यूल, छात्र एवं फैकल्टी गतिशीलता, सह-पर्यवेक्षण में शोध कार्य तथा अंतरराष्ट्रीय शोध कंसोर्टियम में सहभागिता पर बल दिया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि दोनों संस्थानों ने सहमति व्यक्त की कि इस प्रकार का अंतर्राष्ट्रीय सहयोग न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को वैश्विक अनुभव भी प्रदान करेगा। दोनों पक्षों ने शीघ्र ही औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने तथा दीर्घकालिक, परस्पर लाभकारी साझेदारी स्थापित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि इससे शिक्षा और शोध के क्षेत्र से संबंधित कार्यों को गति मिलेगी।

इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, डॉ. रमेश गोयल, डॉ. राजेश गेरा, डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. केडी शर्मा, डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. विजया रानी, डॉ. दर्शना, डॉ. मंजुनाथ, डॉ. सरोज यादव व डॉ. अनुराग उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 22.02.2026 | -- | -- |

# फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल ने किया हकृवि का दौरा

नभ-छोर न्यूज ▸▸। 21 फरवरी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में यूनिलासेल, रूएन कैंपस, फ्रांस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए विश्वविद्यालय का दौरा किया। शिक्षण, अनुसंधान तथा फैकल्टी एवं विद्यार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत आपसी सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि यह दौरा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध संरचना और कृषि विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में कृषि विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्रों में साझा रुचि एवं सहयोग की संभावनाओं की पहचान की गई। दोनों पक्षों ने संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, साझा शोध परियोजनाओं तथा नवाचार-आधारित पहल विकसित करने में गहरी रुचि व्यक्त की, जिससे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सके।




फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस के उच्च शिक्षा एवं शोध पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी साझा करते हुए संयुक्त शिक्षण मॉड्यूल, छात्र एवं फैकल्टी गतिशीलता, सह-पर्यवेक्षण में शोध कार्य तथा अंतरराष्ट्रीय शोध कंसोर्टियम में सहभागिता पर बल दिया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि दोनों संस्थानों ने सहमति व्यक्त की कि इस प्रकार का अंतरराष्ट्रीय सहयोग न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को वैश्विक अनुभव भी प्रदान करेगा। डॉ. एसके पाहूजा ने कहा कि इससे शिक्षा और शोध के क्षेत्र से संबंधित कार्यों को गति मिलेगी। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा, एसोसिएट डीन पीजीएस डॉ. विजया रानी, इंटरनेशनल सेल के कोर्डिनेटर डॉ. दर्शना, डॉ. मंजुनाथ, डॉ. सरोज यादव व डॉ. अनुराग उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 21.02.2026 | -- | -- |

# फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल ने किया हकृवि का दौरा

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में यूनिलासेल, रूएन कैंपस, फ्रांस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए विश्वविद्यालय का दौरा किया। शिक्षण, अनुसंधान तथा फैकल्टी एवं विद्यार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत आपसी सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि यह दौरा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध संरचना और कृषि विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में कृषि विज्ञान, खाद्य प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्रों में साझा रुचि एवं सहयोग की संभावनाओं की पहचान की गई। दोनों पक्षों ने संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, साझा शोध परियोजनाओं तथा नवाचार-आधारित पहल विकसित करने में गहरी रुचि व्यक्त की, जिससे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस के उच्च शिक्षा एवं शोध पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी साझा करते हुए संयुक्त शिक्षण मॉड्यूल, छात्र एवं फैकल्टी गतिशीलता, सह-पर्यवेक्षण में शोध कार्य तथा अंतरराष्ट्रीय शोध कंसोर्टियम में सहभागिता पर बल दिया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि दोनों संस्थानों ने सहमति व्यक्त की कि इस प्रकार का अंतरराष्ट्रीय सहयोग न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को वैश्विक अनुभव भी प्रदान करेगा।

दोनों पक्षों ने शीघ्र ही औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने तथा दीर्घकालिक, परस्पर लाभकारी साझेदारी स्थापित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि इससे शिक्षा और शोध के क्षेत्र से संबंधित कार्यों को गति मिलेगी।

इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा, एसोसिएट डीन पीजीएस डॉ. विजया रानी, इंटरनेशनल सेल के कोर्डिनेटर डॉ. दर्शना, डॉ. मंजुनाथ, डॉ. सरोज यादव व डॉ. अनुराग उपस्थित रहे।